झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड न्यायिक सेवा के अन्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के 138 रिक्त पदों पर नियुक्ति के संबंध में आवश्यक सूचना।

झारखण्ड न्यायिक सेवा के अन्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सीधी नियुक्ति परीक्षा, विज्ञापन संख्या–22/2023 में निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा में छूट दिये जाने के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड राँची में दायर विभिन्न W.P.(S) याचिकाओं के मामलों में दिनांक–03.10.2023 से दिनांक–06.10.2023 तक पारित न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड न्यायिक सेवा अन्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के पद पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–22/2023 के क्रम में उक्त मामलों के वादीगण (Petitioners) से ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

2. उक्त वादीगण (Petitioners) ऑफलाईन आवेदन (Physical Mode) में वांछित सूचना भर कर विज्ञापन की कंडिका 19(r) के अनुसार संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न कर लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम अंकित कर झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची के कार्यालय में **दिनांक–16.10.2023 से 20.10.2023 (पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 5:00 बजे) तक** हाथों–हाथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

3. ऑफलाईन आवेदन का प्रपत्र एवं परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु लिंक आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

4. विज्ञापन संख्या 22/2023 का अंतिम परीक्षाफल संदर्भित वादों के फलाफल से प्रभावित होगा।

5. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।